Reg. No. : ....

Name : ....

M 8828

II Semester B.Sc. L.R.P./B.C.A./B.S.W. Degree (CCSS – 2014 Admn. – Regular) Examination, May 2015
COMMON COURSE IN HINDI
2A08 2HIN : Vyavaharik Hindi

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए।

1) विद्यार्थी और राजनीति – इस पर अपना मत व्यक्त कीजिए।

2) भारत में नारी का स्थान आप को कैसे लगता है ? **(1×7=7)**

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

3) 'विवेकानन्द कॉलेज' – नई दिल्ली में एक लिपिक का पद खाली है। अपनी योग्यताएँ बताते हुए एक पत्र तैयार कीजिए।

4) आपके इलाके में बिजली बीच–बीच में चली जाती है। इसका उल्लेख करते हुए बिजली–घर के अधीक्षक के नाम एक पत्र लिखिए।

5) अपने घर में जन्म दिन समारोह में शामिल होने के लिए अपने मित्र को एक निमंत्रण पत्र लिखिए। **(2×4=8)**

III. किसी **एक** गद्यांश का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए।

6) Newspapers are one of the signs of civilization. The more a country is educated, the greater is the demand for newspapers, for an educated man is always eager to know what is going on in the world and this information he can have only through the medium of newspapers. The primary function of a paper is to supply as with all sorts of news, local and foreign. It gives us information of what is going on in our own country and other parts of the world. As a matter of fact a newspaper is a sort of contemporary history.

7) A merchant who had several clerks, found that one of them was in the habit of coming late to the office. He warned him that his conduct would lead him in to trouble and told him that he had better mend his ways. The clerk replied that the fault was not his but that of his watch, which did not keep good time, after a few days, he was late again and the merchant said to him "Tomorrow either you or I will have something new" "What is that Sir ?" asked that men. "Either you will have a new watch or I shall have a new clerk" replied his master. **(1×5=5)**

P.T.O.

IV. किसी **एक** गद्यांश का **अंग्रेज़ी** में अनुवाद कीजिए।

8) मनुष्य सामाजिक जीव है। वह अकेला नहीं रह सकता। लोगों से मिलकर वह अपना काम चलाता है। उसे अपनी आवश्यकताओं के लिए लोगों से मिलना-जुलना पड़ता है। इसलिए सवारी की आवश्यकता हुई। हम पहले पैदल यात्रा करते थे। पुराने ज़माने में सड़कें नहीं थीं। धीरे-धीरे यातायात के साधनों में वृद्धि होने लगी। यातायात के साधनों का विकास मनुष्य जाती की उन्नति का प्रतीक माना जाने लगा। भारत में यातायात का विकास तेजी से हो रहा है। मनुष्य के विकास में यातायात के साधनों का भी महत्त्वपूर्ण हाथ है।

9) आजकल देश में शिक्षा का प्रसार तेज़ी से बढ़ रहा है। लोग अपने लड़कों और लड़कियों को पढ़ाने में अधिक रुचि लेने लगे हैं। यद्‌यपि गाँवों में पाठशालाओं की संख्या संतोषजनक नहीं है, तो भी शहरों में स्कूलों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। वर्तमान शिक्षा के कारण देश में पढे-लिखे लोगों की संख्या बढ़ रही है। यह देश की प्रगति का शुभ चिह्न है। भारतवर्ष में निरक्षरता को दूर करने के लिए बड़ी कोशिश की जा रही है। सच्ची शिक्षा वही है, जिससे मनुष्य की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियों का पूर्ण विकास हो। **(1×5=5)**

V. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

10) निम्नलिखित मुहावरों का सही अर्थ लिखिए।

i) क) अन्धे की लकड़ी

ख) कमर कसना

ग) उन्नीस बीस होना

घ) हाथ मलना

ii) क) जलती आग में घी डालना

ख) गागर में सागर होना

ग) श्रीगणेश करना

घ) अपना उल्लू सीधा करना। **(2×2=4)**

11) निम्नलिखित कहावतों का सही अर्थ लिखिए।

i) क) अंधों में काना राजा

ख) एक और एक ग्यारह

ग) घर की मुर्गी दाल बराबर

घ) खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

ii) क) जान है तो जहान है

ख) बहती गंगा में हाथ धोना

ग) न रहे बाँस न बजे बाँसुरी

घ) छोटे मुँह बड़ी बात। **(2×2=4)**

VI. निर्देश के आधार पर सही उत्तर लिखिए।

12) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर उसमें से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्दों को चुनकर लिखिए।

कृष्ण के चरणों में सुंदर नूपुर बजते हुए मधुर ध्वनि कर रहे हैं। उनकी कमर में करधनी का मधुर स्वर किनकिना रहा है।

13) खाली जगहों को प्रत्ययों से भरिए।

सच्चा मित्र जीवन ________ सफलता ________ कुंजी है। मित्र ________ सुख और सौभाग्य की चिंता करनेवाला सच्चा मित्र बड़े भाग्य ________ मिलता है।

14) सहायक क्रियाओं को बदले बिना निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

क) तुम मोहन को देखना चाहिए।

ख) मैंने घर जाना पड़ता है।

ग) राजू ने पढ़ चुका।

घ) गीता ने रोनी लगी।

15) वाच्य बदलिए।

क) मुझसे खत नहीं लिखा गया।

ख) उमेश हँसा।

ग) पक्षी आकाश में उड़ते हैं।

घ) सोहन सिनेमा नहीं देखता।

16) संज्ञा के कितने भेद हैं ? सोदाहरण समझाइए।

17) भूतकाल के भेद क्या-क्या हैं ?

18) कारक के भेद क्या-क्या हैं ? उदाहरणसहित समझाइए। **(7×1=7)**

____